**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 23.10.2020**

**THE PIONEER**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय ने शिक्षकों को दिया तोहफा



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद में त्योहारों पर शिक्षकों को तोहफा देते हुए अनुबंध पर कार्यरत शिक्षकों को 'समान काम के लिए समान वेतन' के आधार पर उनके मासिक पारिश्रमिक में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, नियमित रूप से कार्यरत शिक्षकों को कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत पदोन्नति दी है।

इस आशय का निर्णय विश्वविद्यालय के कार्यकारी समिति की 38वीं बैठक में लिया गया है जो कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। कार्यकारी समिति ने अनुबंध पर कार्यरत शिक्षकों के मासिक पारिश्रमिक में बढ़ोतरी को स्वीकृति देते हुए 48,000 रुपये से 57,700 रुपये करने के विश्वविद्यालय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है जो 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार असिस्टेंट प्रोफेसर के प्रवेश वेतन के बराबर है।

इस निर्णय के अंतर्गत पद के अनुरूप पूर्ण कार्यभार तथा अन्य कर्तव्यों का निवर्हन कर रहे सभी पात्र अनुबंध पर कार्यरत शिक्षकों को प्रति माह 57,700 रुपये पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा। इस निर्णय से विश्वविद्यालय के अनुबंध पर कार्यरत 36 शिक्षकों को मासिक पारिश्रमिक में वृद्धि का लाभ मिलेगा। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने नियमित रूप से कार्यरत 27 शिक्षकों को कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पदोन्नति प्रदान की है। इन निर्णयों पर कुलपति का आभार जताने पहुंचे।

**NEWS CLIPPING: 23.10.2020**

**HINDUSTAN**

# शिक्षकों का वेतन 20 फीसदी बढ़ाया

## इजाफा

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने अनुबंध पर कार्यरत शिक्षकों के वेतन में 20 फीसदी बढ़ोतरी करने का फैसला लिया है। साथ ही नियमित रूप से कार्यरत शिक्षकों को करियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पदोन्नति दी जाएगी।

विश्वविद्यालय की कार्यकारी समिति की 38वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। त्योहारों पर शिक्षकों को तोहफा देते हुए योजना लागू करने का प्रस्ताव पास किया गया है। कार्यकारी समिति ने अनुबंध पर कार्यरत शिक्षकों के मासिक पारश्रमिक में बढ़ोतरी को स्वीकृति देते हुए वेतन 48 हजार से बढ़ाकर 57,700 रुपये करने के विश्वविद्यालय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है जोकि 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार सहायक प्रोफेसर के प्रवेश वेतन के समान है। योजना का लाभ अनुबंध पर कार्यरत 36 शिक्षकों को मिलेगा। वहीं, नियमित रूप से कार्यरत 27 शिक्षकों को करियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पदोन्नति प्रदान की है।

### कर्मचारी हित में कदम

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय कर्मचारियों के हितों के लिए कार्यरत है। उन्होंने शिक्षकों से विश्वविद्यालय में डिजिटल टीचिंग एवं लर्निंग प्रक्रिया और शोध कार्यों की गुणवत्ता में सुधार के लिए योगदान देने का आह्वान किया।

### शिक्षकों ने आभार जताया

शिक्षकों ने वेतन वेतन 48 हजार से बढ़ाकर 57,700 रुपये करने के फैसले को लेकर कुलपति का आभार जताया। कार्यसमिति की इस बैठक में कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग और उप कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा भी उपस्थित रहे।

**NEWS CLIPPING: 23.10.2020**

**AMAR UJALA**

# अनुबंधित शिक्षकों को दिवाली से पहले तोहफा

## जेसी बोस विश्वविद्यालय ने वेतन में की 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**अमर उजाला ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने शिक्षकों को दिवाली से पहले ही तोहफा दिया है। विवि ने अनुबंध पर कार्यरत शिक्षकों को 'समान काम के लिए समान वेतन' के आधार पर उनके मासिक पारिश्रमिक में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी देने का निर्णय लिया है। नियमित रूप से कार्यरत शिक्षकों को करियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत पदोन्नति भी दी है।

**नियमित रुप से कार्यरत शिक्षकों को करियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत पदोन्नति भी**

यह निर्णय विश्वविद्यालय कार्यकारी समिति की 38वीं बैठक में लिया गया, जो कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। कार्यकारी समिति ने अनुबंध पर कार्यरत शिक्षकों के मासिक पारिश्रमिक में बढ़ोतरी को स्वीकृति देते हुए 48 हजार रुपये से 57,700 रुपये करने के विश्वविद्यालय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। जो 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार असिस्टेंट प्रोफेसर के प्रवेश वेतन के बराबर है। इस निर्णय से विवि के अनुबंध पर कार्यरत 36 शिक्षकों को मासिक पारिश्रमिक में वृद्धि का लाभ मिलेगा। विवि ने नियमित रूप से कार्यरत 27 शिक्षकों को करियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पदोन्नति भी दी है। कुलपति का आभार जताने पहुंचे शिक्षकों से बातचीत करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विवि कर्मचारियों के हितों को लेकर प्रतिबद्ध है।

**NEWS CLIPPING: 23.10.2020**

## NAVBHARAT TIMES

NBT 23/10/20

# संविदा शिक्षकों के वेतन में 20 फीसदी बढ़ोतरी

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने त्योहारों के मौसम में शिक्षकों को तोहफा देने का काम किया है। यूनिवर्सिटी ने अनुबंध पर कार्यरत शिक्षकों को 'समान काम के लिए समान वेतन' के आधार पर उनके मासिक वेतन में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा नियमित रूप से कार्यरत शिक्षकों को कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत पदोन्नति दी है।

जेसी बोस यूनिवर्सिटी की कार्यकारी समिति की मीटिंग में लिया फैसला

कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई 38वीं कार्यकारी समिति की मीटिंग में यह फैसला लिया गया। कार्यकारी समिति ने अनुबंध पर कार्यरत शिक्षकों के मासिक वेतन में बढ़ोतरी को स्वीकृति देते हुए 48 हजार रुपये से 57 हजार रुपये कर दिया है। यह वेतन 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार असिस्टेंट प्रफेसर के प्रवेश वेतन के बराबर है। निर्णय से यूनिवर्सिटी में अनुबंध पर कार्यरत 36 शिक्षकों को वेतन वृद्धि का लाभ होगा। इसके अलावा यूनिवर्सिटी ने नियमित रूप से कार्यरत 27 शिक्षकों को कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पदोन्नति दी है। इन निर्णयों पर आभार जताने पहुंचे शिक्षकों से बातचीत करते हुए कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि यूनिवर्सिटी कर्मचारियों के हितों को लेकर प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग व उप कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा भी उपस्थित थे।